CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 319 ▫ रायपुर, रविवार 14 दिसम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# शीतकालीन सत्र का पहला दिन, विजन 2047 पर चर्चा जारी, विपक्ष ने किया बहिष्कार

## एक लाख लोगों की सलाह को 'विजन 2047' में किया है शामिल : ओ.पी. चौधरी

**रायपुर,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से नवा रायपुर के नवनिर्मित विधानसभा भवन में शुरू हुआ. कांग्रेस ने पहले दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया है. सत्र की शुरुआत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 25 साल की यात्रा के ज़िक्र के साथ हुआ.

सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस के बहिष्कार पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर अवमानना की है. बहिष्कार करने वालों को जनता इसी तरह से बहिष्कृत करती रहेगी. वहीं मंत्री ओपी चौधरी ने भी दोहराया कि विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर अवमानना की है. यह वैसा ही जैसा कि सेंट्रल विस्टा का बहिष्कार विपक्ष ने किया था. बहिष्कार करने वालों को जनता इसी तरह से बाहर रखेगी.

इधर शीतकालीन सत्र के पहले दिन 'विजन 2047' पर विशेष चर्चा हो रही है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने चर्चा में कहा कि 'विजन 2047' विकसित छत्तीसगढ़ बनाने वाला है. सभी से सुझाव लेकर 'विजन 2047' तैयार किया गया है. एक लाख लोगों की सलाह विजन में शामिल है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि दुनिया में भारत ऐसा देश है, जिसकी आबादी युवा है. विपक्ष विजन 2047 पर सवाल उठाने का काम करता है. आगे बढ़ने के लक्ष्य के लिए विजन होना आवश्यक है. आज देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर पहुंच गई है. भारत की अर्थव्यवस्था 2047 में 64 ट्रिलियन डॉलर होगी. आज जो पीढ़ी है उसके पास विकास का बड़ा अवसर होगा.उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए भी हमने विकास का विजन तैयार किया है. महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी दूर करने वाला है विजन. शिशुमृत्यु दर को दूर करने वाला विजन. कृषि, उद्योग, सेवा विकास दर को बढ़ाने वाला विजन. राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की योजना है. रोजगार सृजन पर आधारित नीति लाई गई है.



### सदन की कार्यवाही से पहले हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। आज सदन की कार्यवाही 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। विजन-2047 की चर्चा में केवल भाजपा विधायक शामिल होंगे, क्योंकि कांग्रेस विधायकों ने पहले दिन सत्र का बहिष्कार किया है। पहले दिन के सत्र में प्रश्नकाल नहीं होगा। दूसरे दिन यानी 15 दिसंबर से 17 दिसंबर तक सदन में लॉ एंड ऑर्डर, धान, बिजली, सड़क, राशन गड़बड़ी, जमीन दर के मुद्दे सदन में उठेंगे...शीतकालीन सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं।

### सदन में विधायकों ने लगाए हैं 628 प्रश्न

शीतकालीन सत्र में विधायकों ने 628 सवाल लगाएं है। 96त्न सवाल विधायकों ने ऑनलाइन माध्यम से लगाए हैं। वहीं 628 सवालों में 333 तारांकित और 295 अतारांकित प्रश्न लगे हैं। इसके अलावा सत्र के लिए लगे 48 ध्यानाकर्षण, 9 अशासकीय संकल्प लगे हैं। मंत्रियों को इन सवालों के जवाब देने होंगे।

### भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के व्यक्तिगत आरोपों से नाराज हुए मंत्री, आसंदी से अंश को विलोपित करने की मांग की

छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन 'विजन 2047' पर विशेष चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने प्रक्रिया पर ही सवाल खड़ा दिया. अजय चंद्राकर की बातों से नाराज मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने खड़े होकर अध्यक्ष से आपत्ति जताते हुए व्यक्तिगत आरोप लगाने वाले अंश को विलोपित करने की मांग की. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इसके पहले आसंदी से सवाल किया कि किस प्रक्रिया, किस नियम के तहत सदन में चर्चा हो रही है. क्या हम शासकीय संकल्प के तहत बात कर रहे हैं? क्या चर्चा के बाद मंत्री जवाब देंगे या हमें अपनी बात कहनी है? सदन में चर्चा के पूर्व नियम प्रक्रिया की जानकारी होनी थी. सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के विकास का विजन 'विजन 2047' के माध्यम से प्रस्तुत किया. ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर ने प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए हमको नहीं पता कि क्या बोलना है. पक्ष में या विपक्ष में. या फिर विजन को लेकर सलाह देना है. अजय चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को विजन डॉक्यूमेंट के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज तक तय नहीं हो पायाकि रोजगार की परिभाषा क्या है? कृषि का रकबा कम हो रहा है, फसलों के उत्पादन में कमी आई है, एलाईड सेक्टर में भी कमी है, लघु सूक्ष्म की योजनाएं अधर में हैं, क्षेत्रीय असंतुलन दिख रहा है. उन्होंने कहा कि 97 प्रतिशत छत्तीसगढ़ के लोग अनस्किल्ड हैं. यह छत्तीसगढ़ की उद्योग नीति लागू करने लिए है या कि संशोधन करने के लिए. मेक इन छत्तीसगढ़ की अवधारणा कहाँ है? कुटीर उद्योगों के लिए क्या नीति है? कहीं पर भी आज तक छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए नीति नहीं है. चलो अच्छा है न्यूयॉर्क बन जाएंगे 2047 में. वित्तमंत्री की परिकल्पनाएं अच्छी है, बाकी चीजें उनके ऊपर छोड़ता है. वित्तमंत्री लिबरल बनिए.

# एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। दिल्ली के रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की महारैली है। महारैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि आज होने वाली कांग्रेस की महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता भाग लेंगे। महारैली के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के पुखता इंतजाम किए गए हैं। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता इस रैली को संबोधित करेंगे।

**दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली, वोट चोरी को लेकर प्रदर्शन**

उन्होंने बताया कि जो कार्यकर्ता अन्य राज्यों से एक दिन पहले ही दिल्ली पहुंचे हैं, उनके लिए भी इंतजाम है। कांग्रेस सेवा दल के साथ वालियंटर भी नियुक्त हैं, किसी को कोई असुविधाएं नहीं होगी। इस महारैली के प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया, होर्डिंग, बैनर, पोस्टर पूरी दिल्ली के हर एक ब्लाक कांग्रेस कमेटी के क्षेत्रों में लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की वोट चोरी को पूरी दिल्ली में उजागर किया है। दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की महारैली में देश भर से पार्टी कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे हैं। कई राज्यों के कार्यकर्ता एक दिन पहले ही दिल्ली आ गये थे। कल भी सैकड़ों कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए दिल्ली रवाना हुए। दिल्ली के आसपास के राज्यों के अलावा जम्मू कश्मीर से भी पार्टी कार्यकर्ताओं का बड़ा दल दिल्ली के लिए निकला था। दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को होने वोट चोरी रैली में शामिल होने के लिए शनिवार को जम्मू से भी बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रवाना हुए थे। पार्टी के प्रदेश प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि पिछले कई चुनाव में वोट चोरी हुई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के विरोध में रैली का आयोजन किया गया है। पूरे देश से लाखों कार्यकर्ता इसमें शामिल होकर पोल खोलेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष रमन भल्ला और प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र शर्मा ने कहा कि हम सभी जन अधिकारों पर हो रहे हमले के खिलाफ और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करेंगे।

# 10 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**गरियाबंद,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में कुल 10 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शासन के आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर आज दो नक्सलियों संतोष उर्फ लालपवन और मंजू उर्फ नंदे ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दोनों नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला, बारूदी सुरंग में विस्फोट करने तथा कई अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है।

अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने गरियाबंद में सक्रिय सभी माओवादियों से अपील की है वे जिले के किसी भी थाना, चौकी या शिविर में आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें। पुलिस ने बताया कि पिछले दो साल में छत्तीसगढ़ में बड़े नक्सली नेताओं समेत लगभग 2,400 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। केंद्र सरकार ने मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अनियंत्रित होकर पलटी ई-रिक्शा, 1 की मौत 5 घायल

**जांजगीर-चांपा,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. बम्हनीडीह थाना क्षेत्र से गुजर रही ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित हुई और पलट गई. इस हादसे में रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 घायल हो गए. जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 5 बजे हुआ, जब ई-रिक्शा चांपा से बम्हनीडीह की ओर जा रहा था. रिक्शा में कुल 6 लोग सवार थे, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए. घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है. मृतक की पहचान मालखरौदा थाना क्षेत्र के कुरदा गांव निवासी के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि मृतक रोजी-रोटी के सिलसिले में हैदराबाद गया हुआ था और ट्रेन से उतरने के बाद अपने परिवार के साथ गांव लौटने के लिए ई-रिक्शा में सवार हुआ था. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### जबरन वसूली में संलिप्तता के आरोप में छह उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने जबरन वसूली गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े छह उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सभी गिरफ्तारियां शनिवार को की गईं। इंफाल पूर्वी जिले के मोइरांगकम्पु साजेब माखा लेइकाई इलाके से यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) की दो सक्रिय महिला सदस्यों को पकड़ा गया। उनकी पहचान ताखेल्लामबम सनथोई चानू (19) और कोंगब्रैलतपम रमेशोरी देवी (19) के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के काइंचीपुर इलाके से प्रेपक (प्रो) के दो सक्रिय सदस्यों को भी गिरफ्तार किया। उनकी पहचान क्षेत्रीमयुम अभिनाष सिंह (21) और राजकुमार डैनियल सिंह (31) के रूप में हुई है। उनके कब्जे से हथियार और कारतूस बरामद हुए हैं। इसके अलावा, इंफाल पश्चिम जिले के लामफेल सुपर मार्केट से यूएनएलएफ(पी) के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया गया, जबकि बिष्णुपुर जिले के कुंबी में उसके आवास से प्रेपक (प्रो) से जुड़े एक उग्रवादी को पकड़ा गया।

# पिता ने नई बाइक से की तोड़फोड़ तो बेटे ने उतारा मौत के घाट



**रायपुर,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। राजधानी से लगे गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक बेटे ने गुस्से में आकर अपने ही पिता की हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, आरोपी बेटे की पहचान राहुल साहू के रूप में हुई है.

राहुल ने हाल ही में बाइक खरीदी थी, जिससे उसके पिता संतोष साहू नाराज थे. इसी बात को लेकर पिता ने बाइक में तोड़फोड़ कर दी थी. इस बात से आक्रोशित होकर राहुल ने अपने पिता को हसिये (धारदार हथियार) से मौत के घाट उतार दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पिता अक्सर बेटे से पैसों की मांग करता था. बाइक खरीदने और पैसे न देने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक हो गया. गुस्से में आकर राहुल ने हसिया से पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है.

### सराफा कारोबारी से 29 लाख की उठाईगिरी

**कांकेर,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में एक सराफा व्यापारी के साथ 29 लाख रुपए की उठाई गिरी हो गई. व्यापारी जगदलपुर से मनीष ट्रैवल्स की बस में बैठकर रायपुर जा रहा था. इसी दौरान बदमाश कैश से भरा थैला उठाकर भाग निकले.

जानकारी के अनुसार, व्यापारी का नाम मोती लाल जैन है और वह जगदलपुर का रहने वाला है. वह आज (रविवार) सुबह थैले में कैश लेकर रायपुर आ रहा था. इसी दौरान कांकेर थाना क्षेत्र स्थित माकड़ी ढाबे के पास उसने बस में थैला रखा और बाथरूम चला गया. इसी दौरान मौका पाकर चोर ने थैला पार कर लिया. फिलहाल घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है.

# हैदराबाद में दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी मेसी ने सीएम रेड्डी के साथ खेला फुटबॉल मैच




राहुल गांधी को गिफ्ट की जर्सी

**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। भारत दौरे पर आए दिग्गज फुटबाल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की टीम के साथ प्रदर्शनी मैच खेला1 आज यहां राजीव गांधी स्टेडियम में रेवंत रेड्डी-9 और मेसी ऑलस्टार्स के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया। इस दौरान वह करीब एक घंटे तक वहां रहे। उन्होंने खुद गोल दागते हुए अपनी टीम को 4.0 की बढ़त दिलाई। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी मेसी से मुलाकात की। लियोनल मेस्सी ने शो के आखिरी में हैदराबाद के वहां मौजूद दर्शकों का धन्यवाद भी दिया। उन्होंने ने स्टेडियम में मौजूद दर्शको की ओर कुछ बॉल भी किक मारी और मैदान में काफी देर तक खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल भी खेला। उन्होंने प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिए खिलाड़ियों को ट्रॉफी भी दी और उनके साथ फोटो भी खिचवाई। इससे पहले म्यूजिकल नाइट के बाद लेजर शो हुआ। शो में मेसी और राहुल गांधी का चित्र बनाया।

# मेक्सिको ने बढ़ाया टैरिफ, भारत ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी



नई दिल्ली, 14 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। मेक्सिको ने भारत से आयात होने वाले कुछ चुनिंदा उत्पादों पर टैरिफ में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इसके जवाब में, भारत ने अपने हितों की रक्षा के लिए %उचित कदम% उठाने की चेतावनी दी है। यह जानकारी शनिवार को एक अधिकारी ने दी।

अधिकारी ने कहा, %भारत भारतीय निर्यातकों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है, साथ ही रचनात्मक बातचीत के ज़रिए समाधान खोजने की कोशिश जारी रखेगा।% पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस संबंध में बिल पेश किए जाने के शुरुआती चरण से ही मेक्सिको के साथ बातचीत कर रहा था। वाणिज्य विभाग और मेक्सिको के अर्थव्यवस्था मंत्रालय आपसी फायदे वाले ऐसे समाधान खोजने में लगे हुए हैं जो वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हों। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल और मेक्सिको के उप-अर्थव्यवस्था मंत्री लुइस रोसेंडो के बीच एक उच्च-स्तरीय बैठक भी हो चुकी है और आगे भी बैठकें होने की उम्मीद है। सरकार ने इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी पूर्व परामर्श के स्न्नह (मोस्ट फेवर्ड नेशन) टैरिफ में एकतरफा बढ़ोतरी, दोनों देशों के सहकारी आर्थिक जुड़ाव की भावना के अनुरूप नहीं है। मेक्सिको ने कहा कि ये टैरिफ राष्ट्रीय उद्योगों और उत्पादकों की रक्षा के लिए लगाए गए हैं और ये 1 जनवरी, 2026 से लागू होंगे। मेक्सिको के एक स्थानीय अखबार %एल यूनिवर्सल% के अनुसार, मेक्सिको ने जिन वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाया है, उनमें ऑटो पार्ट्स, हल्की कारें, कपड़े, प्लास्टिक, स्टील, घरेलू उपकरण, खिलौने, जूते, फर्नीचर, मोटरसाइकिल, परफ्यूम, साबुन और सौंदर्य प्रसाधन जैसे उत्पाद शामिल हैं। जिन देशों का मेक्सिको के साथ कोई व्यापार समझौता नहीं है, वे इस वृद्धि से प्रभावित होंगे। इनमें भारत के अलावा दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड और इंडोनेशिया भी शामिल हैं।

# तिरुवनंतपुरम में पूर्व डीजीपी श्रीलेखा आर ने दिलाई भाजपा को जीत, मेयर बनने की अटकलें तेज



**नई दिल्ली,** 14 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। भाजपा ने केरल में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 45 साल बाद तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन पर कब्ज़ा कर लिया। पार्टी ने 101 में से 50 सीटें जीतीं। केरल की पहली महिला ढ्ढक्क्रस् अधिकारी आर. श्रीलेखा ने भारी अंतर से जीत हासिल की और वह अब मेयर पद की सबसे प्रबल दावेदार हैं। उनकी इस जीत ने राज्य की राजधानी में बीजेपी की सफलता का महत्व बढ़ा दिया है।

भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को केरल में एक बड़ी राजनीतिक कामयाबी हासिल की। पार्टी ने तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन पर कब्जा कर लिया, जिससे राज्य की राजधानी की नगर पालिका में 45 साल से चल रहे लेफ्ट के लगातार शासन का अंत हो गया। इस जीत को और भी खास बनाते हुए, केरल की पहली महिला आईपीएस अधिकारी, आर. श्रीलेखा, ने एक महत्वपूर्ण मुकाबले में जीत हासिल की, जिससे बीजेपी की इस सफलता का महत्व और बढ़ गया। 2020 में पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर हुईं आर. श्रीलेखा, सस्थमंगलम डिवीजन से भारी अंतर से जीतने के बाद बीजेपी की जीत का एक प्रमुख चेहरा बनकर उभरी हैं। उनकी इस बड़ी जीत से यह राजनीतिक अटकलें तेज हो गई हैं कि क्या 64 वर्षीय पूर्व टॉप पुलिस अधिकारी मेयर पद के लिए बीजेपी की पसंद होंगी। अगर उन्हें चुना जाता है, तो वह राजधानी में पार्टी की पहली मेयर बन जाएंगी। जीत के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, %मुझे पता चला है कि सस्थमंगलम वार्ड में किसी भी उम्मीदवार को इतनी बड़ी बढ़त पहले कभी नहीं मिली। मैं लोगों को उनके इस निर्णय के लिए धन्यवाद देती हूं।% उन्होंने यह भी कहा कि एलडीएफ और कांग्रेस ने उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के दिन से ही उनके खिलाफ लगातार और अप्रत्याशित आलोचना की थी, लेकिन उन्हें खुशी है कि उनके वार्ड के लोगों ने उन सभी आलोचनाओं को खारिज कर दिया और उनका साथ दिया। शनिवार को वोटों की गिनती पूरी होने के बाद, बीजेपी 101 सदस्यों वाली तिरुवनंतपुरम कॉर्पोरेशन में 50 वार्ड जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में सामने आई। बीजेपी बहुमत से सिर्फ एक सीट पीछे रह गई। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 29 सीटें, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट 19 सीटें और निर्दलीय उम्मीदवारों ने 2 सीटें जीतीं।

CMYK